तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 4 अक्टूबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


3 कटघोरा में 80 फीट ऊंचे रावण का हुआ दहन



## पानी से लबालब हैं ग्रामीण अंचल के खेत, बाजार में नहीं नजर आ रही है खरीदारी की रौनक

# बेमौसम बारिश से किसानों की फसल व बाजार बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नवरात्रि से शुरू बेमौसम बारिश का दौर दशहरा के बाद भी लगातार जारी है। इससे किसानों की फसल से लेकर व्यवसायियों के बाजार में जबरदस्त प्रभाव पड़ा है। पानी से जहां खेत लबालब नजर आ रहे हैं। वहीं बाजारों में खरीदारी की रौनक गायब हो गई है।

बारिश के इस दौर में खेतों में खड़ी धान की फसल और व्यवसाय का प्रमुख केन्द्र बाजार जबरदस्त प्रभावित हुआ है। क्वांर की नवरात्रि से जिस तरह से बाजार में खरीदारी की रौनक दिखती थी वह पूरी तरह से गायब रही। व्यवसायी ग्राहकों का इंतजार करते रहे, वहीं किसान खेतों में भरे बारिश के पानी को निकालने में व्यस्त नजर आए। दोनों ही स्थितियों के कारण अब स्थिति बिगड़ने में आ गई है। व्यवसायी यह मानते हैं कि दशहरा पर्व पर जो व्यवसाय होना था ऐसा लगता है वह दीवाली में होगा, अगर मौसम ने साथ दिया तो। वहीं किसान मानते हैं कि मौसम ने अगर साथ दिया तो फसल बीते वर्ष की तुलना में अच्छी होगी, लेकिन जिस तरह से लगातार रूक रूक कर बीते 10 दिनों में बारिश का दौर चल रहा है उससे फसल को खराब होने से बचाना बहुत बड़ा काम हो गया है। कृषि विभाग की मानें तो अगर यही स्थिति आने वाले 10 दिन और रही तो फसलों का खराब होना तय है। धान की फसल की खरीदी 1 नवंबर से होना है और फसल कटना तो दूर की बात उसमें खेतों में भरे पानी को निकालना ही आवश्यक हो गया है।

### खास बात

- 3 अक्टूबर को दर्ज रिकार्ड के अनुसार जिले में हुई 15 .9 मिमी वर्षा



खेतों में भरा पानी।

### खेतों में पानी भरने से महीनों तक रहेगी नमी

ग्रामीण अंचल के किसान कहते हैं कि हमेशा 15 सितंबर के बाद बारिश की रफ्तार धीमी होने से और धूप निकलने के कारण जो कीट लगने की बीमारी हुआ करती थी उस पर तो कीटनाशक दवा छिड़काव की वजह से नियंत्रण पाया जा सकता था, लेकिन अभी जिस तरह से बारिश हो रही है उससे खेतों में पानी भरा हुआ है और यदि बारिश लंबी चलती है तो यह पानी फसल को नुकसान पहुंचाएगा और इसका परिणाम होगा कि महीनों तक खेतों में नमी रहने के कारण कटाई भी प्रभावित होगी। किसानों का यह भी कहना है कि जिस तरह से शुरूआत में बारिश हुई उससे अच्छी फसल होने की उम्मीद जग गई थी, लेकिन क्वांर कार्तिक महीने में बारिश का होना धान की फसल के लिए इसलिए नुकसान दायक हो जाता है, क्योंकि यही मौसम फसल की कटाई का रहता है।

### नहीं थमी बारिश तो फसल होगी खराब

वर्तमान में अभी तक की स्थिति पर यह लग रहा है कि बारिश अगर एक-दो दिन में थम गई तो फसल को बचाया जा सकता है, लेकिन यह आने वाले दिनों में भी जारी रही तो फसल का चौपट होना तय है। 1 नवंबर से धान खरीदी होना है, तैयारियां पूरी कर ली गई है लेकिन बारिश को देखते हुए अभी ऐसा लग रहा है कि किसान अपनी फसल को बचाने में लगे हुए हैं।

- डीपीएस कंवर, उपसंचालक, कृषि

### खेती की आय व्यवसाय का सहारा:सोनी



पद्मिनी ज्वेलर्स के संचालक जगदीश सोनी कहते हैं कि बेमौसम बारिश का असर व्यवसाय पर पड़ा है। कोरबा एक औद्योगिक शहर है, इसलिए लोगों को लगता है कि औद्योगिक क्षेत्रों में मिलने वाले बोनस से व्यवसाय में उछाल आएगा। यह पहले हुआ करता था अभी स्थितियां बदल गई है। कर्मचारी वर्ग कई तरह के लोन में उलझा हुआ है और वह बोनस की राशि से बढ़ते कर्ज की किश्त जमा करने की पहले सोचता है जो बाद में बचता है वही बाजार में आता है। ऐसे में यह कैसे मान लें कि बोनस से व्यवसाय में उछाल आएगा। यही कारण है कि कृषि की जो आए है वही व्यवसाय का आधार मानी जाती है और इस बेमौसम बारिश से तो खेती भी चौपट होने जा रही है। जाहिर है फसल खराब होने से किसानों की होने वाली आय प्रभावित होगी और उनसे आने वाला पैसा भी बाजार में नहीं आएगा।

### बारिश के इस दौर से व्यवसाय को चलाना मुश्किल: अग्रवाल



कपड़े के व्यवसायी अग्रवाल गारमेंट्सा के संचालक अशोक अग्रवाल की मानें तो उन्हें लगा था कि नवरात्रि व दशहरे में कपड़ों की जमकर खरीदारी होगी। वैसे कपड़ों की खरीदारी वर्ष भर चलती है, किंतु त्यौहारों के मौसम में उसमें उछाल आता है, लेकिन इस वर्ष बारिश के कारण ग्राहकी कमजोर रही। जिस तरह की भीड़ त्यौहारों के मौसम में शाम को बाजार में नजर आनी चाहिए वह नहीं आई है और पूरा दशहरा गुजर गया। बाजार त्यौहारी सीजन अनुसार उछाल नहीं लिया है, बल्कि पिछले वर्ष की तुलना में 20 से 30 प्रतिशत व्यवसाय का नुकसान हुआ है। रही बात दीवाली के त्योहार की तो वह भी बारिश पर टिका हुआ है, क्योंकि बारिश से तो व्यवसाय प्रभावित हुआ है ग्रामीण अंचल से आने वाले किसानी ग्राहक अब तक बाजार में नहीं आए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के बाजार भी ठंडे चल रहे हैं। बारिश के कारण खेती प्रभावित हुई और हो रही है। इस तरह से देखा जाए तो बारिश का सिलसिला अगर नहीं थमा तो दीवाली का त्यौहार भी व्यवसाय को प्रभावित कर जाएगा।

### समय पर नहीं पहुंच रहा बाजार में सामान: जसबीर



टिप्स इलेक्ट्रानिक्स के संचालक जसबीर सिंह का कहना है कि बारिश की वजह से जिस तरह पिछले वर्ष आर्डर करते ही एक दो दिन में शहर के बाहर मार्केट से सामान पहुंच जाता था। इस वर्ष बारिश के कारण ट्रांसपोर्टिंग का कार्य प्रभावित हुआ है। एक सप्ताह से ज्यादा का समय लग रहा है। शहर के बाहर से सामानों को लाने में मांग के अनुसार अगर लोगों को सामान नहीं मिल सका तो बाजार की स्थिति खराब हो जाएगी और यह पूरी तरह निर्भर करता है ट्रांसपोर्टिंग पर जो बारिश से प्रभावित हो रहा है। सामान लेकर आने वाली गाड़ियां तीन से चार दिन में शहर पहुंच रही है। सड़कों में जाम होने के कारण गाड़ियां जाम में फंसी रहती है।


BMC विद्या ददाति विनयम्

बी.एम. कॉलेज

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध

विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम

B.Ed.

कॉलेज कोड-114336

ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 05/10/25

गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग

Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065

Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स

प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट

लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

AGRASEN COLLEGE

Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India

Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg

B.ED. COURSE

COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316

सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर

द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)

Mob. 90982 11113








## खबर संक्षेप

### पीएम आवास के कार्य लापरवाही सीईओ व रोजगार सहायकों को नोटिस

**जांजगीर-चांपा।** अकलतरा क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के धीमी कार्य को लेकर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए अकलतरा सीईओ एवं जनपद के रोजगार सहायकों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने कहा कि आवास से जुड़े कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

ज्ञात हो कि कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने शुक्रवार 3 अक्टूबर को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। इस दौरान उन्होंने महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि महात्मा गांधी नरेगा, पीएम आवास योजना से जुड़े कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जनपद पंचायत अकलतरा के सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उन रोजगार सहायकों को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा, जिन्होंने योजना के कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं दिखाई है। कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि आवास निर्माण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समय सीमा में गुणवत्ताके साथ कार्य पूर्ण करने कहा।

### बतौली स्कूल में असामाजिक तत्वों ने की तोड़फोड़, जमकर मचाया उत्पात

अंबिकापुर। जिले के बतौली शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में असामाजिक तत्वों का उत्पात जारी है। बीती रात भी असामाजिक तत्वों ने स्कूल परिसर में जमकर तोड़फोड़ की है। स्कूल के प्राचार्य ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। बताया जा रहा है कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बतौली में 30 सितम्बर की रात अज्ञात लोगों ने जमकर उत्पात मचाने के साथ ही तोड़फोड़ की थी। इस घटना की शिकायत प्रचार्य ने 1 अक्टूबर को पुलिस से की थी लेकिन इसपर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में अपराधियों के हौसले बुलंद है। बीती रात फिर से अपराधियों ने स्कूल परिसर में घुसकर बरामदे में रखे गमलों को तोड़ दिया।

### बाइक चोरी मामले में खरीददार समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लटोरी के सामने से खड़ी बाइक चोरी मामले में पुलिस ने खरीददार समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है।

लटोरी पुलिस ने बताया कि प्रार्थी ग्राम लटोरी कोईरापारा निवासी हंसलाल कुशवाहा पिता मनी राम 29 सितंबर को दोपहर करीब 1 बजे वह अपने हीरो एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 15 डीबी 5094 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटोरी इलाज कराने गया था,अस्पताल के बाहर मोटरसाइकिल खड़ी कर वह अंदर चला गया,लेकिन इलाज के बाद बाहर निकलने पर देखा कि उसकी बाइक मौके से गायब थी,प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की,पतासाजी के दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने जरही जंगलपारा थाना भटगांव निवासी 22 वर्षीय शुभम सोनी पिता कालीचरण व 22 वर्षीय आकाश चौबे पिता स्व.श्याम किशोर चौबे को हिरासत में लिया,पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बाइक चोरी कर उस बाइक को अंबिकापुर खैरबार निवासी प्रिंस सोनी पिता मनोज सोनी को बेचने की बात स्वीकार की,जिस पर पुलिस ने खरीदार प्रिंस सोनी से चोरी गई मोटरसाइकिल को उसके घर खैरबार से बरामद कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय सूरजपुर पेश कर दिया है।


### घुनघुट्टा नदी में डूबे मासूम बालक का शव दूसरे दिन बरामद

**बिश्रामपुर।** ग्राम कोरेया आमापारा में खेलने के दौरान घुनघुट्टा नदी में डूबे मासूम बच्चे का शव शुक्रवार को घटना स्थल से नदी के रास्ते 12 किलोमीटर दूरघुनघुट्टा नदी किनारे बरामद किया गया। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम कोरेया आमापारा निवासी 9 वर्षीय बालक कक्षा चौथी का छात्र आकाश राजवाड़े पिता अमेले राजवाड़े बुधवार की दोपहर करीब दो बजे घर से खेलने की बात कहकर निकला था,लेकिन घर नहीं लौटा,परिवार ने उसकी खोजबीन शुरू की। पर कहीं सुराग नहीं मिला,गुरुवार की सुबह जब ग्रामीणों ने गांव के ही घुनघुट्टा नदी किनारे लापता छात्र का कपड़ा और चप्पल को नदी किनारे पत्थर पर पड़ा देखा तो पूरे गांव में अनहोनी होने की आशंका फैल गई।

## निधन

### नंदकिशोर बुधिया

**कोरबा।** प्रतिष्ठित व्यवसायी नंदकिशोर बुधिया



का 89 वर्ष का बिलासपुर में निधन हो गया है। उनके निधन से बुधिया परिवार, व्यापार जगत और उनसे जुड़े लोगों में शोक की लहर छा गई है। नंदकिशोर बुधिया, स्व. अंतुलाल बुधिया के पुत्र थे। वे अपने पीछे भाई सत्यनारायण बुधिया और श्रीकांत बुधिया, किशन बुधिया, पुत्र विमल बुधिया और संजय बुधिया तथा पौत्र सिध्दार्थ, आकाश और अपूर्व बुधिया सहित भरा-पूरा परिवार शोकसंतप्त छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम सरकंडा बिलासपुर में किया गया।

---

गाजे बाजे के साथ शहर में निकाली गई विसर्जन यात्रा, देर शाम तक चला विसर्जन का दौर

# श्रद्धा भाव के साथ दुर्गा प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में क्वां नवरात्रि के अवसर पर विराजी गई दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन दशहरा के दुसरे दिन शुक्रवार को पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर गाजे बाजे के साथ विसर्जन यात्रा निकालते हुए नदियों और स्थानीय तालाबों में किया गया। शहर के प्रमुख स्थानों में स्थापित की गई दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन सर्वेश्वर एनिकट के समीप और भवानी मंदिर घाट में किया गया।

### पथर्रीपारा ने माता रानी का किया विसर्जन



श्री श्री दुर्गा पूजा उत्सव समिति पथर्रीपारा वार्ड नंबर 19 वीआईपी रोड इंदिरा चौक में स्थापित मां दुर्गा की निरंतर नौ दिनों तक पूरे रीति रिवाज के साथ आचार्य पांडे एवं शत्रुघ्न साहू के द्वारा पूजा अर्चना के पश्चात कॉलोनी के समस्त माता बहनों एवं वरिष्ठ जनों द्वारा माता रानी को विसर्जन के लिए ले जाया गया। इस बीच कॉलोनी के सभी माता रानी के भक्तगण अपने घर से निकाल के माता रानी का अंतिम दर्शन कर उन्हें विदाई दी। साथ ही गाजे बाजे व डीजे की धुन पर सभी भक्तगण नाचते गाते विसर्जन के लिए ले गए उक्त धार्मिक आयोजन प्रतिवर्ष वार्ड के समस्त वरिष्ठ जन युवा साथी व माता बहनों के अथक प्रयास से किया जाता है। श्री श्री दुर्गा पूजा उत्सव समिति के वरिष्ठ जन मनीराम जांगड़े, मुकेश राठौर, यशपाल मंनेवार, कन्हैया साहू, कैलाश यादव, विक्की मिश्रा, श्री पटेल, श्री श्रीवास, अनूप स्वर्णकार, राजेश यादव, कौशल, दिनेश तिवारी, अमित बघेल, दिनेश मन्नेवार, राजा केसरवानी, धरम साहू, गगन राठौर, बुद्धू यादव, चंद्रशेखर साहू, महिलाओं में श्रीमती अमेरिका साहू, देवरा राठौर, श्रीमती मन्नेवार का योगदान रहा।

### हरदीबाजार बस स्टैंड में किया गया पूजा अर्चना



नवरात्रि के अवसर पर नवमी को बस स्टैंड हरदीबाजार के दुर्गा पंडाल में हवन पूजन, श्रद्धधारा उसके पश्चात 9 कन्याओं को कन्या भोज कराया गया। इस अवसर पर मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के अध्यक्ष निलेन्द्र राठौर, सचिव विनय चंद्राकर, कोषाध्यक्ष नवनीत गुप्ता, आचार्य हीरालाल पांडेय, सुरेंद्र राठौर, सुर्या यादव, दुर्गेश डिक्सेना, पंकज धुरवा, बजरंग यादव, नरेंद्र अहीर, तरुण डिक्सेना, रमेश राठौर, जयप्रकाश राठौर, वीरेंद्र पटेल, यशवंत राठौर, डॉ.गणेश प्रभुवा, देवेश शर्मा, राजू गुप्ता, बंटी राठौर, पंडा रमेश दास महंत, आनंद सिंह, महावीर डिक्सेना, हेम साहू, रामलाल प्रजापति, यक्ष आदित्य, राजाराम राठौर, विनोद उपाध्याय, किशोर यादव, कांति राठौर, राजू राठौर, राहुल यादव, रमेश प्रजापति, आकाश जायसवाल, समीर जायसवाल, धनंजय धुरवा, बॉबी राठौर, संजय राठौर, चंदराम यादव, आसुतोष बंजारे, बबला मरकाम, विकास कंवर, प्रताप कंवर, परमेश्वर निर्मलकर, विकास राठौर, प्रवीण गुरुद्वान, राहूल डिक्सेना, विक्की यादव, राहुल राठौर, शिवम जायसवाल, शिवा राठौर, वैभव राठौर, राहुल प्रजापति, बाबा यादव सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### बस्ती नवरात्र चौक में माता को किया गया विदा



बस्ती नवरात्र चौक में नव दिनों तक विराजित मां आदिशक्ति मां जगदम्बा की नव दिनों तक पूजा-अर्चना कर सेवा किया गया। इस दौरान नवरात्र पर ज्वारा भी बोया गया था। जिसे दशहरा के दूसरे दिन शुक्रवार को गाजे-बाजे के साथ बनमुड़ा तालाब में विसर्जित किया गया। इस दौरान सरपंच लोकेश्वर सिंह कंवर, युवराज सिंह कंवर, नकुल यादव, आशीष जायसवाल, मीरा कंवर, सुक्रिता, संकुंतला कंवर, सावित्री कंवर, गायत्री यादव, गजानंद यादव, रामायण यादव, राजेश जायसवाल, गगन यादव व रामलाल नेकी की मांदर की टोली के साथ विसर्जन किया गया।

### बोईदा में मां दुर्गा की प्रतिमा का किया गया विसर्जन



ग्राम बोईदा में गुड़ी चौक में विराजित मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा गुड़ी चौक, आनंद नगर, राउत पारा, बस स्टैंड होते हुए बड़े तालाब पहुंची। जिसमें ग्रामीण मांदर की थाप पर जसगीतों पर थिरकते नजर आए। मांदर की थाप व झांझ मंजीरे के साथ जसगीत गाते हुए ग्रामीणों ने माता को विदाई दी और पूजा करने के बाद मां दुर्गा की मूर्ति का विसर्जन किया। जिसमें ग्रामीण मांदर की थाप पर जसगीतों पर थिरकते नजर आए। गांव की महिलाओं ने भी माता के दर्शन लाभ उठाया। मां दुर्गा की विदाई देखने गांव की गलियों पर श्रद्धालु उमड़े।

### बेलाकछार में माता रानी का किया गया विसर्जन



ग्राम बेलाकछार बालकोनगर में विजयदशमी के अवसर पर महिला समिति द्वारा बाजा गजा के साथ माता जी का जयकारा लगाते हुए विसर्जन किया गया। इस अवसर पर राकेश साहू, माधव पटेल, विनोद साहू, गोपाल दास, भवानी साहू, नरेश देवांगन, ठाकुर गुड्डू, बैग राधेश्याम यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

---

# सेवा पखवाड़ा भाजपा का मिशन, जो अनवरत रूप से रहेगा जारी : लखन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय तथा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से 2 अक्टूबर महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न सेवा कार्य किए गए। उक्त सेवा पखवाड़े का समापन देश के महापुरुषों लाल बहादुर शास्त्री व महात्मा गाँधी के जयंती पर सेवा कार्यों के साथ पखवाड़ा संपन्न किया गया।

वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने सेवा पखवाड़ा को भारतीय जनता पार्टी का एक मिशन बतलाया जो सदैव अनवरत रूप से चलता रहेगा, विकसित भारत के निर्माण के लिए यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए सेवा पखवाड़ा में समर्पित होकर पार्टी कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की और बतलाया पार्टी के लिए राष्ट्र सेवा सर्वोपरि है तथा महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के योगदान पर व जीवन पर चर्चा की गई। कोसाबाड़ी चौक पर लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर फूल माला चढ़कर याद किया गया इस अवसर पर जय जवान जय किसान के उद्घोष के साथ जयंती मनाई गई, बुधवारी में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके योगदान, स्वच्छता अभियान तथा सेवा पखवाड़ा पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया, जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने अपने उद्बोधन में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चले विभिन्न सेवा कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए संगठनात्मक कार्यों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के समर्पण भाव की चर्चा की तथा कार्यक्रम के सहसंयोजक डॉ राजीव सिंह ने सेवा पखवाड़ा में संगठन कार्यकर्ताओं के बढ़कर भाग लेने की प्रशंसा की। वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने वार्ड क्रमांक तीन साकेत नगर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्नेह कुटीर और मितानिन व महिला समिति के लिए आशा भवन का लोकार्पण किया गया। साथ ही अन्य वरिष्ठजनों व मितानिनों का सम्मान किया गया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान वाणिज्य और उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्यिक कर श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, प्रदेश मंत्री सुश्री रितु चौरसिया, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, महामंत्री युवा मोर्चा नरेंद्र देवांगन, जिला संयोजक भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ विकास अग्रवाल ने महापुरुषों को माल्यार्पण किया। साथ ही विभिन्न सेवा के कार्यों के साथ सेवा पखवाड़ा का भव्य समापन हुआ।

---

# एसईसीएल सीडब्ल्यूएस में पूर्णतः महिलाओं द्वारा संचालित स्टोर यूनिट हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल में कोल इंडिया का एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ा, जब प्रथम पूर्णतः महिलाओं द्वारा संचालित सीडब्लयूएस कोरबा में सेंट्रल स्टोर फॉर स्पेयर पार्ट्स सप्लाई एंड मैनेजमेंट का शुभारंभ किया गया। यह पहल कोयला उद्योग में महिला सशक्तिकरण और कार्यस्थल में उनकी बढ़ती भूमिका का प्रतीक है।

**खास बात**

- सेंट्रल स्टोर फॉर स्पेयर पार्ट्स सप्लाई एंड मैनेजमेंट का किया गया शुभारंभ



कार्यक्रम में उपस्थित एसईसीएल महिला कर्मचारी एवं अधिकारी।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन समारोह से हुआ। इसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने फीता काटकर स्टोर यूनिट का उद्घाटन किया। सभी अतिथियों का स्वागत शॉल, श्रीफल और बुके भेंट कर किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में निदेशक तकनीकी संचालन एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास, निदेशक तकनीकी योजना परियोजना आरसी महापात्र एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मियों को मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कहा कि यह कदम एक बड़े बदलाव की शुरुआत है। पहले हमने बिलासपुर के वसंत विहार में कोल इंडिया का प्रथम महिला चिकित्सालय शुरू किया था, और अब कोरबा में महिलाओं द्वारा संचालित सेंट्रल स्टोर यूनिट की शुरुआत की गई है। यह पहल न केवल महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देगी बल्कि संगठन को नई ऊर्जा भी प्रदान करेगी। सीडब्ल्यूएस कोरबा, एसईसीएल का एक महत्वपूर्ण वर्कशॉप है, और यहां महिलाओं की सक्रिय भूमिका आने वाले समय में प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करेगी। इस स्टोर यूनिट में कुल आठ महिला अधिकारी कर्मचारी पदस्थ किए गए हैं वहीं सुश्री सपना इक्का, वरिष्ठ प्रबंधक (ई एंड एम ) को स्टोर मैनेजर बनाया गया है। सुश्री इक्का आईआईटी आईएसएम से इलेक्ट्रिकल इंजीनियर हैं। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मैं इस नए भूमिका को पाकर बेहत उत्साहित हूँ और इन्वेंटरी मैनेजमेंट प्रक्रिया को और सरलीकृत करने की दिशा में काम करना चाहूँगी । इस स्टोर में आधुनिक एसएपी सिस्टम के ज़रिए रिकॉर्ड का रखरखाव किया जाता है।

---

# पहले दी जाए सर्वसुविधायुक्त बसाहट, तभी करने दिया जाएगा नापी व सर्वे कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

एसईसीएल गेवरा खदान से प्रभावित ग्राम हरदीबाजार के ग्रामीणों ने 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती पर ग्राम सभा का आयोजन कर प्रस्ताव पारित किया है कि जब तक सर्वसुविधायुक्त बसाहट सुनिश्चित नहीं की जाती है

**खास बात**

- हरदीबाजार में ग्रामसभा का आयोजन कर प्रस्ताव किया गया पारित



वार्ता के बाद उपस्थित ग्रामीण।

तब तक एसईसीएल को नापी सर्वे कार्य नहीं करने दिया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने पंचायत व ग्रामवासियों को बिना सूचना पूर्व चलाऐ गए ड्रोन सर्वे को निरस्त करने सहित सभी मकानों का नापी सर्वे कर मुआवजा प्रदान करने की मांग रखी है। साथ ही खदानों में लगातार हो रहे हैवी ब्लास्टिंग को भी बंद करने की चेतावनी दी है।

दो अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती व ग्राम सभा का आयोजन ग्राम पंचायत भवन में सुबह 11 बजे रखा गया था। ग्राम सभा के अध्यक्ष रहे गांव के गौंटिया मदनमोहन सिंह कंवर, सरपंच लोकेश्वर कंवर, सचिव बिसाहू राम व पंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। ग्राम सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि दीपका सीजीएम संजय मिश्रा व राजस्व नोडल अधिकारी मितेश मधुप का बात व्यवहार व कार्यप्रणाली गांव व लोगों के हित में नहीं है, इन्हें दीपका क्षेत्र से हटाया जाए, जब तक हरदीबाजार को सर्वसुविधायुक्त बसाहट सुनिश्चित नहीं की जाती है तब तक नापी सर्वे नहीं होने दिया जाएगा। एसईसीएल दीपका प्रबंधन द्वारा बिना पूर्व सूचना ग्राम पंचायत व ग्रामवासियों को दिए 26 अगस्त 2024 को ड्रोन सर्वे किया गया है उसे निरस्त किया जाए। निजी व शासकीय भूमि पर निर्मित सभी मकानों का एक सिरे से नापी सर्वे कर मुआवजा प्रदान किया जाए। ग्राम पंचायत 5 अनुसूची अंतर्गत आता है जहां पेशा एक्ट लागू है इसलिए बिना ग्राम सभा के अनुमति के एसईसीएल दीपका प्रबंधन किसी भी प्रकार का नापी सर्वे न करें। एसईसीएल दीपका प्रबंधन हैवी ब्लास्टिंग करना बंद करें। साथ ही शिक्षक नगर में पदस्थ मितानिन अनुसुइया राठौर की बहाली पर भी ग्रामवासियों ने प्रस्ताव पारित किया। ग्राम वासियों का सख्त और कड़ा रुख है कि एसईसीएल दीपका प्रबंधन व जिला प्रशासन ग्रामवासियों की मांगों को पूर्ण करें,मालगांव और सुवाभोड़ी जैसी स्थिति पैदा न करें। देश के योगदान में हम पूरी तरह सहभागिता रखते है, किंतु हमारे वाजिब हक मिले हम अपना पुरखौती ज़मीन जायदाद यदि एसईसीएल को दे रहे हैं तो उसके बदले सिलने वाली सभी सुविधाएं स्पष्ट रूप से लिखित में ग्राम पंचायत को दी जाए। ग्राम सभा में सचिव बिसाहू राम ने सरकार की चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना के बारे में जानकारी दी जिसमें कृषि, वनकीय, स्वस्थ, शिक्षा संबंधित सहित अन्य जानकारी दी गई। बैठक में प्रमुख रूप से विधायक प्रतिनिधि नरेश टंडन, पूर्व जनपद सदस्य अनिल टंडन,विजय जायसवाल, प्रेम डिक्सेना, राजेश जायसवाल, सीताराम ओढ़े, इंद्रभूषण ओंडे,प्रियंका जायसवाल, राजेन्द्र जगत, मनमोहन खांडे, धर्मेन्द्र साहू, विनोद उपाध्याय, राजाराम राठौर, मितेश सोनी, समारू केंवट,लखन महंत, उमेश भारद्वाज, कृष्णा राज सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

धार्मिक आयोजन के नाम पर अनाप सनाप खर्च दिखाकर लाखों का भ्रष्टाचार

# भर नहीं पा रहे सड़क के गड्ढ़े, रामलीला की आड़ में लाखों का भ्रष्टाचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कांग्रेस जिला अध्यक्ष नत्त्थूलाल यादव ने निगम द्वारा आयोजित रामलीला व दशहरा उत्सव की पहल की सराहना करते हुए कहा है कि इससे निश्चित ही नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति व धर्म का ज्ञान होगा लेकिन इसे लेकर किए गए खर्च में पारदर्शिता लाने की आवश्यकता थी। भारी भरकम बजट की जगह कम बजट में भी यह पूरा आयोजन सम्पन्न कराया जा सकता था। रामलीला मंडली से लेकर रावण पुतला के निर्माण तक किए गए खर्च का आंकलन



नत्थूलाल यादव

किया जाए तो करीब 50 प्रतिशत अधिक राशि प्रदान किया जाना प्रतीत हो रहा है। इस धार्मिक आयोजन की आड़ में व्यापक पैमाने पर हुए भ्रष्टाचार और सरकारी धन की बर्बादी के इस मामले की प्रशासनिक स्तर पर जांच कराई जाए।

नत्थूलाल यादव ने कहा कि रामलीला के समाप्त होने के बाद स्थानीय भाजपा नेताओं में महाभारत शुरू हो गया है। इसे लेकर आपस में सिर फुटौव्वल की नौबत आ गई है। कार्यक्रम स्थल में ही आतिथ्य को लकर जमकर विवाद हुआ और अब आयोजन के आड़ में की गई आर्थिक अनियमितता पर भी उनके अपने ही पदाधिकारी दबी जुबान सवाल उठा रहे हैं। यह आयोजन नगर निगम का था पर इसे देखकर लग रहा था मानो यह भाजपा का आयोजन हो। श्री यादव ने कहा कि जब नगर निगम जनता की मूलभूत समस्याओं जैसे टूटी-फूटी सड़कें, गड्ढों से भरी गलियां, जाम हुई नालियों की सफाई, स्ट्रीट लाइट की मरम्मत जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को हमेशा फंड की कमी बताकर निगम द्वारा टाल दिया जाता है, तब अचानक भव्य आयोजनों के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च करने की तत्परता यह साबित करती है कि जनता से कर के रूप में वसूले गए धन का दुरुपयोग किया गया है। हाल ही की भारी बारिश में जाम नालियों की वजह से कई मोहल्लों में पानी घरों के भीतर घुस गया और लोगों को भारी क्षति उठानी पड़ी, लेकिन निगम प्रशासन ने इस पर गंभीरता नहीं दिखाई। वहीं दूसरी ओर धार्मिक आस्था की आड़ लेकर धन की बंदरबांट और राजनीतिक लाभ उठाने का खुला खेल खेला गया। उन्होंने जनहित में यह मांग की है कि इस पूरे मामले की स्वतंत्र एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, खर्च किए गए सरकारी धन और जनता से वसूले गए फंड का पूरा लेखा-जोखा सार्वजनिक किया जाए साथ ही कोरबा की टूटी सड़कों की मरम्मत, नालियों की सफाई और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था जैसे मूलभूत कार्यों को तत्काल प्राथमिकता पर पूरा करवाया जाए।

---

# मांगे पूरी नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



गेवरा परियोजना में प्राइवेट कंपनी सर्वेश्वरी प्राइवेट लिमिटेड के ठेका कर्मचारी 105 मजदूर 30 सितंबर से आंदोलन में बैठे हुए है कई मांग को लेकर समय पर बेतन देना, सालाना बोनस, ईपीएफ नहीं कटना, बेतन मे कटौती, मेडिकल सुविधा नहीं देना सहित अन्य मांगे शामिल है। बीकेकेएमएस बिलासपुर (बीएमएस) गेवरा के पदाधिकारी केन्द्रीय अध्यक्ष एरिया जेसीसी राम नारायण साहू, एरिया जेसीसी मदन सिंह, एरिया वेलफेयर मनिकांत, प्रोजेक्ट सचिव कुलदीप कुमार एवं 105 ठेका कर्मचारी द्वारा ठेकेदार से चर्चा किया गया। विषेश रूप से बोनस की मांग की गई। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन करते जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी ठेका कंपनी की होगी।

## खबर संक्षेप



### शांतिनगर में रावण के पुतले का हुआ दहन

दशहरा पर्व असत्य पर सत्य की जीत का पर्व है जिसे सभी वर्ग के लोगों के द्वारा उत्साह, उल्लास व उमंग के साथ मनाया जाता है। इसी कड़ी में हरदीबाजार शांतिनगर में ईशान (शिवम्) राठौर ने तीन दिन में रावण का पुतला बनाकर दहन किया। दहन से पूर्व घोर तपस्वी, ज्ञानी, भूत भविष्य व वर्तमान के ज्ञाता रावण की पूजा की। तत्पश्चात अधर्मी, रावण को यशु, बेबी, कान्हा, दद्दू व राजवीर, रुची ने आतिशबाजी कर दहन कर विजयादशमी का पर्व मनाया।

### करतला रेंज में हाथियों की दस्तक ग्रामीणों को किया गया सतर्क

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के करतला रेंज में हाथियों की दस्तक होने के बाद वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क कर दिया है। रायगढ़ जिले के छाल रेंज से अचानक पहुंचे दो हाथियों ने रेंज की सीमा में प्रवेश किया और जंगल के रास्ते नोनदरहा गांव पहुंच गया। हाथियों ने यहां पहुंचते ही उत्पात मचाया और ग्रामीणों के खेतों में लगे धान की फसल को मटियामेट कर दिया जिससे संबंधितों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी करने के साथ नुकसान के आंकलन में भी जुट गए हैं। इस बीच कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में हाथी समस्या लगातार बनी हुई है। 54 की संख्या में हाथियों का दल यहां के सिंदुरगढ़ पहाड़ में विचरण कर रहा था जिसमें से दो दंतैल हाथी बीती रात अलग होकर सेन्हा गांव पहुंच गया। हाथियों ने यहां उत्पात मचाते हुए फसल को रौंद दिया है जबकि 52 हाथी अभी भी सिंदुरगढ़ पहाड़ में विचरण कर रहे हैं। बड़ी संख्या में क्षेत्र के हाथियों के विचरण करने से ग्रामीण दहशत में हैं। वहीं हाथियों का दल खेतों में पहुंचकर फसल को नुकसान पहुंचा रहा है।

### एसईसीएल में मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस



**कोरबा।** एसईसीएल इंदिरा विहार डिस्पेंसरी में प्रमुख चिकित्सा सेवाएं डा.श्रुतिदेव मिश्रा के मुख्य आतिथ्य, इंदिरा विहार स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा.अरिहंत जैन के विशिष्ट आतिथ्य, एसईसीएल मुख्यालय के सभी चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ, समस्त कर्मचारियों एवम स्टाफ की उपस्थिति में थिंक हेल्थ, थिंक फार्मासिस्ट थीम पर विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि एवम विशिष्ट अतिथि दवारा भगवान धन्वन्तरी चित्र के समीप दीप-प्रज्ज्वलन किया गया उपरान्त समस्त उपस्थितों फूलमाला, पुष्प अर्पण किये पश्चात मुख्य अतिथि एवम विशिष्ट अतिथि का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रमुख चिकित्सा सेवाएँ डा. श्रुतिदेव मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि हर वर्ष माह सितम्बर में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाने का उदेश्य फार्मासिस्टों के सार्वजनिक स्वास्थ्य और चिकित्सा सुरक्षा में योगदान के लिए सम्मानित करने हेतु मनाया जाता है। यह अवसर स्वास्थ्य प्रसेवा में उनके महत्वपूर्ण योगदान-दवाओं की सही आपूर्ति, रोगी देखभाल, स्वास्थ्य जागरूकता बढाने आदि को उजागर करता है। विशिष्ट अतिथि डा. अरिहंत जैन ने कहा फार्मासिस्ट दिवस स्वास्थ्य सेवा में फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता, उत्सव और सम्मान देता है। यह दिन फार्मेसी के क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में काम करने वाले, धैर्य और करुणा का परिचय देने वालों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है।

### बिजली बिल बढ़ोतरी वापस लेने भाकपा ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** भाकपा द्वारा धरना प्रदर्शन करते हुए विद्युत बिल दर में की गई वृद्धि को वापस लेने का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद कोरबा द्वारा 3 अक्टूबर को कोरबा आईटीआई चौक में शाम 4 बजे से धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर द्वारा ज्ञापन सोपा गया ज्ञापन में यह उल्लेख किया गया है कि छत्तीसगढ़ की सरकार ने अपने दो साल के कार्यकाल में तीसरी बार बिजली दर में अप्रत्याशित वृद्धि कर प्रदेश के मजदूर, किसान, व्यापारी और आम जनता को आर्थिक रूप से बुरी तरह प्रभावित किया है, जो अनुचित है। सरकार द्वारा 400 यूनिट पर बिजली बिल हॉफ करने की योजना को भी बंद कर दिया गया है, जिससे आम जनता की समस्या और बढ़ गई है। यही नहीं, यहां स्थापित पावर संयंत्र सहित अन्य दूसरे उद्योगों से निकलने वाले धुएं, राखड़ से भी आम जनता बुरी तरह हलाकान है।

## पांच दिवसीय श्रीरामलीला व दशहरा उत्सव का हुआ समापन, उद्योग मंत्री ने की श्रीराम दरबार की पूजा अर्चना

# अधर्म, अहंकार कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो पराजित अवश्य होता है: लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रभु श्रीराम की कथा हमें यह शिक्षा देती है कि अधर्म एवं अंहकार कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो, वह पराजित अवश्य होता है, अधर्म पर धर्म की जय होती है, अंहकार का विनाश होता है, यह निश्चित है। नगर निगम द्वारा श्रीरामलीला व दशहरा उत्सव का बहुत ही सुंदर आयोजन किया गया, इस आयोजन से जिले का वातावरण राममय होगा।

उक्त बातें उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने नगर द्वारा आयोजित श्रीरामलीला व दशहरा उत्सव कार्यक्रम के समापन के दौरान कही। घंटाघर मैदान में पांच दिवसीय श्रीरामलीला व दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसका विजयादशमी के दिन समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कार्यक्रम का समापन कराया। उन्होंने श्रीराम दरबार की पूजा अर्चना की तथा रावण दहन कार्यक्रम भी सम्पन्न कराया। इस मौके पर दिए गए अपने उद्बोधन में उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की पहल तथा आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की देखरेख में आयोजित श्रीरामलीला आयोजन से भारतीय संस्कृति को सहेजने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से हमारे बच्चों को भी भारत की पुरातन संस्कृति को जानने समझने का अवसर मिला तथा वे प्रभु श्रीराम की लीलाओं, उनकी मर्यादाओं व आदर्शो से परिचित हुए। उद्योग मंत्री ने कहा कि जगद्गुरू श्रीरामभद्राचार्य महाराज का आशीर्वाद भी मिला तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यहाँ पहुंचकर सबका उत्साहवर्धन किया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि प्रभु श्रीराम की लीला प्रसंग का यह आयोजन करना मेरा सौभाग्य है, श्रीरामलीला हमें बताती है कि बुराई पर अच्छाई की सदैव ही जीत होती है। उन्होने कहा कि नगर निगम कोरबा नगर के विकास व आमजन को मूलभूत सुविधाएं तो उपलब्ध कराने में अग्रणी है ही, किन्तु अब निगम ने भारतीय संस्कृति व विरासत को सहेजने का काम भी किया है। निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमने गिलहरी जैसा छोटा सा प्रयास किया, किन्तु कोरबा की जनताजनार्दन ने अपने प्यार, स्नेह से हमारे इस छोटे से प्रयास को विराट स्वरूप दे दिया, यहाँ दर्शकों की अपार संख्या ने इस मैदान को छोटा कर दिया, तो वहीं बनारस के मजे हुए कलाकारों ने अपनी प्रतिभा से दर्शकां का मन मोहा




पूजा अर्चना करते उद्योग मंत्री लखन देवांगन एवं कार्यक्रम में उपस्थित नागरिक।

### कटघोरा में 80 फीट ऊंचे रावण का हुआ दहन



असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व गुरुवार को जिलेभर में उल्लास और आस्था के साथ मनाया गया। जिले के उपनगरीय क्षेत्र कटघोरा नगर में इस बार दशहरा का मुख्य आयोजन नव दशहरा उत्सव समिति द्वारा स्थानीय मेला मैदान मंग किया गया। इस वर्ष पहली बार दशहरा पर्व का आयोजन मेला मैदान में हुआ। इससे पहले यह आयोजन बस स्टैंड परिसर में किया जाता रहा है। मैदान में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में न सिर्फ नगरवासी बल्कि आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी हजारों लोग पहुंचे। शाम होते ही हल्की रिमझिम बारिश के बीच सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को और भी मनमोहक बना दिया। छत्तीसगढ़ी लोककला मंच की जहुरिया प्रस्तुति देखने हजारों लोग एकत्र हुए। कार्यक्रम के दौरान कभी-कभी बारिश लोगों को भिगोती रही, लेकिन उत्साह में किसी ने कमी नहीं आने दी। दर्शक तौलिए, साड़ी के पल्लू, छतरियों और पॉलिथीन से खुद व बच्चों को ढंकते नजर आए। रात 8 बजे जब मंच से आतिशबाजी का दौर शुरू हुआ तो आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाने लगा। इसके बाद पूरे वैभव और परंपरा के साथ 80 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। रावण दहन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल, तथा कटघोरा वनमंडल के डीएफओ कुमार निशांत विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा समिति के अध्यक्ष गोपाल शर्मा, कोषाध्यक्ष पवन अग्रवाल, तथा समिति से जुड़े अशरफ मेमन, संजय शर्मा, राजीव लखनपाल, चंदन बघेल, आकाश शर्मा, नरेंद्र अग्रवाल, संजय अग्रवाल, मुकेश गोयल, आशुतोष शर्मा, राहुल डिक्सेना, राजकुमार अग्रवाल, सतीश धनोदिया, अजय धनोंदिया, विष्णु जायसवाल, लक्ष्मी गर्ग, शारदा पाल, हरि दिवाकर, गोपाल बन गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### विजयादशमी पर्व पर किया गया शस्त्र पूजन



विजयादशमी के पावन पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, हरदीबाजार मंडल द्वारा आर्यन पब्लिक स्कूल हरदीबाजार परिसर में शस्त्र पूजन का कार्यक्रम रखा गया। जहां उपस्थित समस्त स्वयं सेवकों ने शस्त्रो की पूजा अर्चना की। साथ ही महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती भी मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता सनातन संघर्ष समिति के जिला संयोजक अजय कुमार दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना आज ही के दिन डा. केशव बलिराम हेडगेवार के द्वारा नागपुर में एक सामाजिक सांस्कृतिक संस्था के रूप में की गई थी। संघ की शाखा व्यक्तित्व निर्माण की एक बहुत बड़ी पाठशाला है। आज हम सभी सौभाग्य शाली हैं,जो संघ का शताब्दी वर्ष मना रहे हैं। इस अवसर पर हम सभी का दायित्व और अधिक बढ़ जाता है। इस शताब्दी वर्ष में हम राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभायें। शस्त्र पूजन कार्यक्रम में 15 स्वयं सेवकों ने अस्त्र -शस्त्रों की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर भारतीय किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष चुलेश्वर राठौर, मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, महामंत्री द्वेय अमरनाथ कौशिक एवं नवरतन सिंह राजपूत, शशिधर सोनी, कान्हूचरण, सरोज श्रीवास, दिनेश गुरुद्वान, दीनदयाल यादव एवं मंडल के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बस स्टैंड हरदीबाजार में हुआ रावण दहन



माँ दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के द्वारा बस स्टैंड दुर्गा पंडाल के बगल में दशहरा उत्सव मनाया गया। जिसमें आचार्य हीरालाल पांडेय द्वारा रावण दहन के पूर्व पूजा पाठ किया गया। रावण दहन के मुख्य अतिथि समाजसेवी व भाजपा नेता यशवंत राठौर व यदुराज राठौर रहे। इस दौरान मुकेश जायसवाल भी उपस्थित रहे। बस स्टैंड के इस रावण दहन में हरदीबाजार व आसपास क्षेत्र के लोग काफी संख्या में पहुंचकर रावण दहन में शामिल हुए। समिति के द्वारा पटाखों के साथ आतिशबाजी भी की गई। बस स्टैंड हरदीबाजार नवरात्रि व दशहरा का मुख्य केंद्र बनते जा रहा है समिति के द्वारा प्रत्येक 9 दिन अलग-अलग कार्यक्रम समिति के द्वारा कराया जाता है और 10वें दिन समिति के द्वारा दशहरा उत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के अध्यक्ष निलेन्द्र राठौर, सचिव विनय चंद्राकर, कोषाध्यक्ष नवनीत गुप्ता, आचार्य हीरालाल पांडेय, सुरेंद्र राठौर, सुर्या यादव, राहुल प्रजापति सहित अन्य उपस्थित थे।

### लाल मैदान दर्री में मनाया गया दशहरा उत्सव, कैबिनेट मंत्री हुए शामिल



बच्चों की शिक्षा ठीक से कराएं। शिक्षा के साथ अपनी संस्कृति का ज्ञान होना आवश्यक है। इससे व्यक्ति चरित्रवान व संस्कारवान बनता है। आने वाली पीढ़ी में भी सनातन धर्म की समझ हो। यह बातें दर्री में लाल मैदान दशहरा उत्सव में मुख्य अतिथि की आसंदी से, आबकारी, वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कही। श्री देवांगन ने दशहरा उत्सव में कोरबा वासियों को बधाई देते हुए कहा कि यहां की 35 वर्षों से अधिक गरिमामय परंपरा की वजह से सीएसईबी लाल मैदान दशहरा उत्सव कोरबा जिले की पहचान है। भारी आंधी-बारिश के बावजूद भी आप पहुंचे और यह दशहरा मैदान खचाखच भरा है। यह आप सबका उत्साह ही है। श्री देवांगन ने बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा उत्सव पर कहा कि रावण विद्वान पंडित था लेकिन उसमें अहंकार भर गया था। इसलिए उसका भगवान श्रीराम के हाथों अंत हुआ। उन्होंने सभी को सलाह देते हुए कहा कि अहंकार से दूर रहें। इससे पहले श्री देवांगन द्वारा आवासीय कॉलोनी से निकाली गई भगवान श्रीराम-लक्ष्मण की झांकी की पूजा-अर्चना की गई।

### बालको रामलीला मैदान में मनाया गया दशहरा




विजयादशमी के अवसर पर बालकोनगर के रामलीला मैदान में भगवान श्रीराम, माता सीता एवं हनुमान की भव्य झांकियों और रावण-दहन कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ किया गया। पूजा-अर्चना की शुरुआत बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने की। इस अवसर पर सीईओ सहित बालको परिवार के अन्य सदस्यों ने भगवान श्रीराम की आराधना कर कंपनी और क्षेत्र की निरंतर प्रगति एवं समृद्धि की कामना की। बालको नगरवासियों ने बालको सार्वजनिक विजयादशमी समिति द्वारा आयोजित इस भव्य उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशाल रामलीला मंचन और रावण दहन का कार्यक्रम धर्म, सत्य और सद्गुणों की शक्ति के असत्य और अन्याय पर विजय का प्रेरणादायी प्रतीक बना। आकर्षक सजावट और नौ दिनों तक आयोजित रामलीला प्रस्तुतियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में बालकोनगर और आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु एवं दर्शक पहुंचे। रामलीला मैदान में आयोजित यह सार्वजनिक विजयादशमी बालकोनगर की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान बन चुकी है। 44 वर्षों से यह आयोजन अपनी गौरवशाली परंपरा का उत्सव मना रहा है।

### रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व मंत्री



पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने विजयादशमी पर्व पर पुराना स्टैण्ड, राम दरबार एवं भालूसटका, दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने दशहरा उत्सव समिति के सदस्यों सहित क्षेत्रवासियों को विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। श्री अग्रवाल ने कहा कि विजयादशमी का पर्व हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है।

# उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




उपभोक्ताओं को अनुचित व्यापार व्यवहार, धोखाधड़ी, शोषण से बचाने एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने कोरबा ब्लॉक के ग्राम दोंदरो में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस दौरान आयोग की अध्यक्षा रंजना दत्ता, सदस्यगण ममता दास एवं पंकज कुमार देवड़ा ने ग्रामीणों को उपभोक्ता अधिकारों से अवगत कराया।

छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा प्रत्येक माह ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सितम्बर माह में कोरबा विकासखण्ड के ग्राम दोंदरो में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आयोग की अध्यक्षा श्रीमती रंजना दत्ता, सदस्यगण सुश्री ममता दास एवं पंकज कुमार देवड़ा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ई-फाइलिंग, ई-हियरिंग सहित उपभोक्ता कानूनों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अब उपभोक्ता घर बैठे ही ई-फाइलिंग एवं ई-हियरिंग के माध्यम से शिकायत दर्ज कर अपना पक्ष रख सकते हैं। शिविर में उपभोक्ताओं को शुल्क अनुचित व्यापार प्रथा सहित बैंक, बीमा, फसल बीमा, बैंक फ्रॉड, फायनेंस आनलाइन खरीददारी सहित अन्य क्षेत्रों के संबंध में शासन द्वारा दिए गए अधिकार के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। शिविर के दौरान अधिवक्ता संगीता चौहान एवं आयोग के डाटा एण्ट्री ऑपरेटर मनीराम श्रीवास द्वारा भी उपभोक्ता कानूनों के संबंध में जानकारी दी गई। गांव के सरपंच बंधन सिंह कंवर व अन्य नागरिकों द्वारा भी ग्रामीणों से उपभोक्ता आयोग द्वारा आयोजित शिविर का लाभ उठाने की अपील की।

# लायन्स क्लब कटघोरा छुरी ने गांधी व शास्त्री को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा क्लब के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के प्रतिष्ठान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। क्लब के सचिव ला प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि डिसट्रिक्ट के आह्वान पर डिसट्रिक्ट के सभी क्लबों को 2 से 8 अक्टूबर को सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाना है इसके अंतर्गत लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा 2 से 8 अक्टूबर तक प्रतिदिन अलग अलग सेवा के कार्य किये जायेंगे।

क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य व अहिंसा की राह पर चलते हुए देश को अंग्रेजों से स्वतंत्रता दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका ये कार्य पूरी दुनिया के लिए मिशाल बन गया। वे हमेशा कहते थे कि बुरा मत देखो बुरा मत कहो व बुरा मत सुनो उनका मानना था कि सच्चाई कभी नही हारती। इस महान व्यक्ति को भारत देश ने राष्ट्रपिता घोषित कर दिया जिसे हम सभी बापू भी कहते हैं इस वजह से 2 अक्टूबर को पूरा देश उनकी जयंती के रूप में मनाता है। क्लब के द्वारा सेवा गतिविधि की शुरुआत महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाते हुए किया गया। इसके अंतर्गत 2 अक्टूबर को ही दशहरा के पावन अवसर पर भंडारे का आयोजन 3 अक्टूबर को केंसर से बचाव के सम्बंध में पाम्पलेट के माध्यम से नगर में घूम घूमकर प्रचार प्रसार किया जाना। 5 अक्टूबर को स्वास्थ्य के ऊपर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा में भर्ती सभी मरीजो को फल वितरण किया जाना। 6 अक्टूबर को कस्तूरबा छात्रावास में रह रहे बच्चो के प्रतिभा को निखारने के लिए उनके बीच रंगोली प्रतियोगिता 7 अक्टूबर को चित्रकला प्रतियोगिता व 8 अक्टूबर को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसके पश्चास्त क्लब की ओर से रंगोली, चित्रकला व मेहंदी में विजेता व उपविजेता बच्चो को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट पीआरओ व क्लब संरक्षक अजय धनोंदिया, क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सचिव प्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राकेश गोयल सहित कार्यकर्ता व नगरवासी उपस्थित रहे।

TOP IN KORBA

GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

शांति मिलन एवं श्रद्धांजलि सभा




जन्म तिथि 15.04.1944
स्वर्गवास दिनांक 24.09.2025

सुश्रावक स्व. श्री जसराज जी जैन (सुपुत्र-स्व. श्री हस्तीमल जी बोहरा)

कार्यक्रम: शांति मिलन एवं स्वामी वात्सल्य दिनांक-04.10.2025 शनिवार को प्रातः 11 बजे स्थान - पीली कोठी, दीनदयाल मार्केट, पी.एच. रोड, कोरबा।
शोक संतप्त: प्रकाशचंद, संतोषकुमार, राजकुमार, महावीर, पारस, मयंक, श्रेयांश एवं समस्त बोहरा परिवार, कोरबा
शोकाकुल: सुनील, राजेन्द्र, संतोष (पुत्र) अनुराग, आदित्य, अक्षय, सृजन (पौत्र) एवं समस्त जैन (बोहरा) परिवार, कोरबा

विनीत-जैन पैकर्स एण्ड मूवर्स, राजेन्द्र इन्फ्रास्ट्रक्चर कोरबा/ रायपुर
नोट-जिन्हें शोक पत्र नहीं प्राप्त हुआ है कृपया इसे ही शोक पत्र समझे

KRISHNA IVF
FERTILITY & IVF CENTRE
कृष्णा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर



नि:संतान दंपत्तियों के लिए उम्मीद की नई किरण
प्रक्रिया शुल्क मात्र 70,000/-
उपलब्ध सुविधाएं :- फर्टिलिटी जाँच, IUI, IVF, ICSI, PICSI, ब्लास्टोसिस्ट, हिस्ट्रोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी, डोनर सर्विसेज।
9752435827
कृष्णा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मंगलम् विहार, कोसाबाड़ी कोरबा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### त्रिपक्षीय वार्ता के लिए एसडीएम पाली ने सरपंच को जारी किया पत्र

**हरदीबाजार।** एसईसीएल दीपका कोयला खदान विस्तार के लिए अधिग्रहित ग्राम हरदीबाजार में नापी सर्वे के लिए एक बार पुनःअनुविभागीय अधिकारी पाली ने त्रिपक्षीय वार्ता के लिए हरदीबाजार तहसील कार्यालय में अपर कलेक्टर कोरबा की अध्यक्षता में शनिवार को दोपहर 12 बजे बैठक के लिए सरपंच हरदीबाजार को 30 सितंबर को पत्र लिखा है। इस बैठक की प्रतिलिपि जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर कोरबा, एसडीएम कटघोरा, तहसीलदार हरदीबाजार, महाप्रबंधक एसईसीएल दीपका, थाना हरदीबाजार एवं सरपंच हरदीबाजार को दिया गया है। सरपंच व ग्रामवासियों ने बैठक का स्वागत किया है साथ ही हमारी मांगों पर ही चर्चा होगी मांग पूरी नहीं हुई तो त्रिपक्षीय बैठक का कोई औचित्य ही नहीं,क्या जिला प्रशासन व एसईसीएल दीपका प्रबंधन ग्रामीणों की जायज,हक की मांग को मानती है या फिर बल पूर्वक जोर जबरदस्ती नापी सर्वे करने पर उतारू होती है ,यह तो कल की त्रिपक्षीय वार्ता के बाद ही साफ हो पाएगा ।

### कोयला की हेराफेरी, चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

**कोरबा।** बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत संतोष यादव उम्र 35 वर्ष पिता विश्वनाथ यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसे नकोडा पाइप इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड में कोयला उठाने हेतु अधिकृत किया गया था। जिसके तहत संतोष को कुल 1486.00 टन कोयला उठाना था कोयला कुसमुण्डा खदान से लोड होकर वैध दस्तावेजो के साथ फैक्ट्री तिल्दा जिला रायपुर जाना था। 14 सितंबर को वाहन क. सीजी 04 जेसी 7409 में 31.360 एमटी कोयला कुसमुण्डा खदान से लोड कराकर वाहन चालक कृष्णा चौहान उर्फ अरविंद तिलदा के लिए रवाना हुआ। फैक्ट्री में कोयला पहुंचा तो कोयले की गुणवत्ता खराब थी। ड्राइवर के द्वारा कोयले में कंकड़ मिला कर फैक्ट्री में गिरा दिया गया है। यहां जब फैक्ट्री वालों ने सच्चाई जानी तो संतोष को बुलाया था। संतोष फैक्ट्री गया और देखा कि जो कोयला उक्त वाहन उसने भेजा है वह कोयला नहीं है। उक्त वाहन चालक कृष्णा चौहान वाहन को छोड़कर फरार हो गया है। संतोष की रिपोर्ट पर पुलिस ने कोयले की हेरा फेरी कर ठगी करने वाले कृष्णा चौहान के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

### छेड़छाड़, मामला दर्ज

**कोरबा।** रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ओमपुर कालोनी निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 30 सितंबर को लगभग 5 बजे वह घर में अपनी बेटी के साथ थी इसी दौरान उसके घर के सामने कुछ लोगों द्वारा हो हल्ला किया जाने लगा। तब महिला घर के बाहर देखी तो खरमोरा निवासी वंदना सिंह और उसका बेटा अनूज सिंह, लोकेश सहित दो अन्य युवक के द्वारा महिला की बेटी को बाहर बुलाने के लिए कहा बेटी को नहीं बुलाने पर उक्त सभी के द्वारा गाली गलौच किया जाने लगा और अनुज सिंह द्वारा महिला के साथ छेड़छाड़ करते हुए उसकी बेटी का अपहरण कर लेने की धमकी दी गई। महिला के द्वारा अपने पति को फोन कर बुलाने की बात कही गई तो उक्त सभी भाग खड़े हुए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने उक्त सभी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### बाइक की ठोकर से महिला घायल

**कोरबा।** बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुटा मेनरोड निवासी रविन्द्र कुमार रजवाड़े उम्र 32 वर्ष पिता हरि प्रसाद रजवाड़े ने रिपोर्ट लिखाई है कि वह किराना दुकान का संचालन करता है। 28 सितंबर को जब वह अपने किराना दुकान के सामने रोड किनारे खड़ा था। इसी दौरान ग्राम पुटा के खान होटल तरफ से गांव के महेश्री उर्फ घुरीन मंझवार पैदल पैदल रोड किनारे अपने घर ऊपरपारा तरफ पुटा जा रही थी रात्रि में रविन्द्र के दुकान के सामने रात्रि लगभग 7:30 बजे मोटर सायकल का चालक मुमताज अपने मोटर सायकल को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुये महेश्री उर्फ घुरीन मंझवार को पीछे तरफ से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे घुरीन मंझवार रोड में गिर गई। जिसके उपरांत रविन्द्र सहित अन्य स्थानीय लोगों के द्वारा महेश्री को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

### लापरवाही के मामले में अपराध दर्ज

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ढोढ़ीपारा निवासी ठेकदार संतोष अनंत उम्र 48 वर्ष पिता भूपाल प्रसाद के द्वारा कटर मशीन से राड काटने का काम लापरवाहीपूर्वक बिना सुरक्षा उपकरण के कटा फटा तार से कटर मशीन का कार्य उपेक्षपूर्ण कराने से कटर मशीन की बिजली तार के सम्पर्क मे आने से 21 अगस्त को ग्राम कपोट चौकी चैतमा निवासी जान सिंह धनवार उम्र 19 वर्ष पिता रतन सिंह धनवार की मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने मर्ग व जांच उपरांत ठेकेदार संतोष अनंत पिता भूपाल प्रसाद के विरूद्ध धारा 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## सिंदूरदान...



दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के पूर्व अमरैय्यापारा दुर्गा पंडाल में सिंदूर खेलती महिलाएं।



इंदिरा विहार परिसर में स्थापित दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के पूर्व प्रतिमा की पूजा करती महिलाएं।

### पीएमजीएसवाय और लोक निर्माण विभाग करता है सड़कों का निर्माण

# फंड मिलने के बाद भी ग्रामीण सड़क निर्माण के लिए तय नहीं हुई एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएमएफ से सड़क निर्माण के लिए फंड जारी होने के बाद भी एजेंसियां तय नहीं हुई है। विभाग कहता है कि बारिश के बाद सड़कों के निर्माण का कार्य शुरू होगा, किंतु कौन सी सड़क किस विभाग के द्वारा बनायी जाएगी यह तय नहीं हुआ है। सड़क निर्माण के लिए पीएमजीएसवाय और लोक निर्माण विभाग शासन की एजेंसियां है किंतु दोनों ने ही अभी तक सड़क निर्माण के लिए टेंडर तक नहीं निकाले हैं।

शहर की सड़कों का निर्माण तो नगर निगम एजेंसी रहती है, किंतु ग्रामीण अंचलों की सड़क निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क प्रकोष्ठ को एजेंसी बनाया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच मार्ग से लेकर कुछ प्रमुख सड़कों का काम प्रधानमंत्री ग्राम प्रकोष्ठ का है। वहीं दूसरी ओर बड़ी सड़कें जो ग्रामीण क्षेत्रों को राष्ट्रीय राजमार्ग और राजकीय राजमार्ग से जोड़ती है ऐसी सड़कों का निर्माण लोक निर्माण विभाग के द्वारा किया जाता है, किंतु दोनों निर्माण एजेंसियों को अब तक सड़क निर्माण की एजेंसियां नहीं बनाया गया है, जबकि डीएमएफ से राशि जारी हो चुकी है। दो महीने बाद भी टेंडर की प्रक्रिया ही गुजर रही है। ऐसे में कब सड़कों का निर्माण होगा यह विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर सवाल खड़ा करता है।

#### डीएमएफ से जारी हुई है प्रमुख सड़कों के लिए राशि



रुकबहरी तिलईडांड पीएम सड़क।

#### पीएम जनमन से भी होना है सड़क का निर्माण

प्रधानमंत्री जनमन योजना से भी जिले के जनजाति क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण किया जाना है। सर्वे में ऐसे 23 स्थान चिन्हांकित किए गए हैं, जहां इस योजना के अंतर्गत सड़क का निर्माण किया जाएगा। किंतु अब तक पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत शिवपुर में ही पिछड़ी संरक्षित जनजाति वाले पहुंच विहीन क्षेत्रों में सड़क का निर्माण पूरा हो सका है। शेष 22 पिछड़ी संरक्षित जनजाति क्षेत्रों में डेढ़ साल बाद भी सड़क का निर्माण नहीं किया गया है। जनजाति क्षेत्रों में पहुंच मार्ग निर्माण के लिए ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को कार्य एजेंसी बनाया गया है।

#### ये हैं ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों

- सतरेंगा से लेमरू मार्ग
- विमलता से नकिया मार्ग
- कुदरीचिंगर से बड़मार मार्ग
- अजगरबहार से आछीमार सड़क
- पाली पोलमी सड़क
- लैंगा से कोडगार सड़क मार्ग
- बताती चचिया सड़क मार्ग

## क्रिप्टो करेंसी के नाम पर झारखंड के गिरोह ने की लाखों की ठगी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

क्रिप्टो करेंसी के नाम पर अलग से वेबसाइट बनाकर लोगों को झांसे में लेकर लाखों की ठगी करने का एक नया मामला सामने आया है। पांच लोगों ने मिलकर पुलिस से मामले की शिकायत की है जिस पर पुलिस ने ठगी करने वाले झारखंड गिरोह के 5 सदस्यों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

क्रिप्टो करेंसी पर इनवेस्टमेंट करने से रकम दोगुना करने का झांसा देकर लोगों से मोटी रकम ऐंठने का काम झारखंड के गिरोह के द्वारा किया जा रहा था। बताया जाता है कि लोग इस गिरोह के झांसे में आकर घर के जेवर देकर गोल्ड लोन लेकर कंपनी में लगाया तो किसी ने बैंक फाइनेंस, किसी ने उधार और किसी ने खेत व मकान को बेचकर रकम निवेश किया था। जब लोगों को पता चला कि वे वेबसाइट बंद हो गई तब उन्हें पता चला कि वे ठगी के शिकार हो चुके हैं तो उनके होश उड़ गए और कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दर्री रोड निवासी एजालुल हक पिता इजराइल हक सहित कुल 5 लोगों ने मामले की शिकायत सीएसईबी चौकी में दर्ज कराई है। जिसमें उन्होने उल्लेख किया है कि इस गिरोह के सदस्य ने उनके साथ 23 लाख 75 हजार रुपए की ठगी को अंजाम दिया गया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने झारखंड निवासी जफर इमाम, सादाब अंसारी, गंगा प्रसाद, शुभम सिंह व दिलेश्वर मुंडा के खिलाफ पुलिस ने धारा 318, 3 (4) (5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

#### खास बातें

- जमीन, जेवर बेचकर लोगों ने किया था निवेश
- दर्री रोड निवासी 5 लोगों ने की पुलिस से शिकायत

### मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना हेतु आवेदन 25 तक

**कोरबा।** मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2025-26 अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थी जो राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे - आई.आई.टी., एम्स, आई.आई.एम., एन.एल.यू. एम.बी.बी.एस. जैसे संस्थाओं में शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रवेश प्राप्त कर अध्ययन कर रहे हैं उन्हें तात्कालिक सहायता प्रदान किये जाने हेतु विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है।

## बालको का 20 साल पुराना ईएसपी संयंत्र जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको विद्युत संयंत्र की 135 मेगावाट क्षमता वाली इकाई क्रमांक 4 के इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रेसिपिटेटर (ईएसपी) अपनी निर्धारित जगह से खिसक गई और भरभरातकर जमींदोज हो गई। घटना का सुखद पहलू रहा कि यह पूरा क्षेत्र मानव रहित है, जिसकी वजह से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। प्रबंधन ने घटना के कारणों की जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया है। साथ ही पर्यावरणीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 135 मेगावाट क्षमता वाली इकाई क्रमांक 4 को अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया है।

बालको संयंत्र में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा घटित हुआ। 540 मेगावाट क्षमता वाले विद्युत संयंत्र के 135 मेगावाट क्षमता वाले इकाई क्रमांक 4 के राख फिल्टर (इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रेसिपिटेटर) अचानक भरभराकर नीचे आ गिरा। यह इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रेसिपिटेटर लगभग 20 साल पुराना है। हादसे के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। सूत्रों की मानें तो ईएसपी का निर्माण सेपको कंपनी द्वारा वर्ष 2004-05 में कराया गया था। पुराना संयंत्र होने की वजह से ही ईएसपी के स्ट्रक्चर कमजोर हो गया था। यही वजह है कि वह अपनी जगह से खिसक गया और ईएसपी भरभराकर नीचे जा गिरा। स्थानीय कर्मचारियों का कहना है कि संयंत्रों में सुरक्षा नियमों की अनदेखी की जा रही है।



वह स्थल जहां हुई घटना।

#### खास बातें

- 135 मेगावाट क्षमता वाली इकाई क्रमांक 4 की ईएसपी का मामला
- घटना के बाद मची अफरा तफरी, फिलहाल इकाई अस्थाई रूप से बंद

#### उच्च स्तरीय कमेटी करेगी जांच

3 अक्टूबर को 540 मेगावॉट पावर प्लांट की 135 मेगावॉट यूनिट-4 में इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रेसिपिटेटर (ईएसपी) बैग फिल्टर यूनिट अपनी निर्धारित जगह से खिसक गया है। यह क्षेत्र पूरी तरह से मानव रहित है और इस घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि या चोट नहीं हुई है। घटना के कारण की जांच उच्चस्तरीय जांच कमेटी के द्वारा करायी जाएगी। पर्यावरणीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस इकाई को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

- **विजय वाजपेयी,** पीआरओ, बालको

## हाईडल प्लांट पूरी रफ्तार पर फिर भी बांगो बांध का पानी नहीं हो रहा है कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मौसम के लगातार बिगड़ते तेवर की वजह से पिछले तीन दिनों से बारिश का सिलसिला जारी है। रुक-रुक कर हो रही बारिश ने जन जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है तो वहीं दूसरी ओर बांगो बांध का जलस्तर अक्टूबर के महीने में कम होने की जगह बढ़ने लगा है जिससे बांगो बांध एक बार फिर से भरने के करीब पहुंच गया है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी लगातार वाटर लेवल पर नजर बनाए हुए हैं। यदि केचमेंट में बारिश तेज होती है और पानी आने का सिलसिला और तेज हुआ तो निश्चित तौर पर गेट खोलने की नौबत फिर से आ सकती है। बांध में 90 फ़ीसदी पानी भरा हुआ है यदि यह वाटर लेवल जैसे ही 92 फीसदी हुआ तो गेट खोल कर वाटर लेवल को मेंटेन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि अमूमन अक्टूबर के महीने में खेती किसानी के लिए किसानों को पानी दिया जाता है और हाइडल प्लांट को रफ्तार से चलाया जाता है। अक्टूबर के महीने में बांगो बांध का वाटर लेवल धीरे-धीरे कम होने लगता है लेकिन इस बार अक्टूबर के महीने में बांगो बांध में केचमेंट इलाके से पानी आने का सिलसिला अभी भी जारी है जिससे बांध लबालब है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की माने तो बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को लगातार 72 घंटे संचालित किया जा रहा है और 9 हजार क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है लेकिन इसके बाद भी बांगो बांध का वाटर लेवल 90.5 फ़ीसदी पर स्थिर बना हुआ है। बताया जाता है कि शुक्रवार की शाम बांगो बांध का वाटर लेवल 358.02 मीटर था। यदि कैचमेंट इलाके में तेज बारिश हुई और पानी आने का सिलसिला और तेज हुआ तो जैसे ही वाटर लेवल 92 फ़ीसदी पहुंचेगी बांगो बांध के गेट फिर से खोले जा सकते हैं। बताया जाता है कि वर्ष 2024 में 3 अक्टूबर को बांगो बांध का वाटर लेवल 357.50 मीटर था जो इस वर्ष अभी 358.02 मीटर है जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 1 मीटर पानी ज्यादा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी लगातार बांगो बांध के वाटर लेवल पर नजरें बनाए हुए हैं यदि कैचमेंट में बारिश तेज हुई तो निश्चित तौर पर गेट खोलने की नौबत आ सकती है।



फाइल फोटो

#### खास बात

- 90 फीसदी पर स्थिर है वाटर लेवल

## शराब के नशे में धुत युवक ने बेल्ट से की पिटाई, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शराब के नशे में मदहोश एक युवक ने अपने ही दो साथियों को बेल्ट से बेरहमी से पीट दिया है। वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस के अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया और पीड़ित की तरफ से पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रामनगर मुड़ापार निवासी चंदन महाराणा सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत खरमोरा अटल आवास निवासी अपने दोस्त विशाल दास के घर दशहरा उत्सव के दिन गया हुआ था जहां उन्होंने बैठकर एक साथ शराब पिया। इस बीच किसी बात को लेकर विशाल दास पिता मुरकित आक्रोशित हो गया और चंदन व एक अन्य युवक की बेरहमी से बेल्ट से पिटाई कर दी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने मामले में संज्ञान लेते हुए तत्काल एक्शन में आई। पुलिस ने पीड़ित चंदन महाराणा की लिखित शिकायत पर पुलिस ने अटल आवास खरमोरा निवासी विशाल दास पिता मुरकित के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-9165 411411